

नवभारत 09
सतना, बुधवार, 15 जुलाई, 2026

# खैरुआ सरकार मंदिर के मन्नत वाले नारियल बेचे जाने का आरोप

## पिकअप जब्त, थाने पहुंचे सैकड़ों भक्त

**नवभारत न्यूज**

**नागौद, 14 जुलाई, सतना जिले के प्रसिद्ध खेरुआ सरकार हनुमान मंदिर से जुड़ी आस्था को ठेस पहुंचाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि भक्तों द्वारा मन्नत पूरी होने पर बांधे गए नारियलों को इकट्ठा कर बेचने के लिए ले जाया जा रहा था।**









नागौद पुलिस ने एक पिकअप गाड़ी को पकड़ा है। गाड़ी में बड़े-बड़े बोरों में नारियल भरे हुए थे। फोटो में साफ दिख रहा है कि गाड़ी रस्सियों से बंधी हुई है और उसमें भारी मात्रा में सामान लदा है। खबर फैलते ही बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी और भक्त थाने पहुंच गए। भक्तों में काफी आक्रोश देखा गया।

**भक्तों का आरोप-** भक्तों का कहना है कि मंदिर में मन्नत मांगने के बाद जो नारियल बांधे जाते हैं, वो आस्था का प्रतीक हैं। उन्हें इकट्ठा करके बेचना धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ है। लोगों ने मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच हो और मंदिर की व्यवस्था में पारदर्शिता लाई जाए।

**प्रशासन से मांग-** स्थानीय लोगों और भक्तों ने एसपी सतना और कलेक्टर से मांग की है कि मंदिर परिसर में चढ़ावे और मन्नत की सामग्री के रख-रखाव को लेकर स्पष्ट नियम बनाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो ।

**खैरुआ सरकार धाम में नहीं हैं सुरक्षा के इंतजाम** - नागौद तहसील मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर स्थित सुप्रसिद्ध खैरूआ सरकार धाम मंदिर धार्मिक आस्था का केंद्र है लेकिन यहां सुरक्षा के इंतजाम नहीं है मंदिर में लगभग 40 किलो से ज्यादा चांदी से जड़ित गर्भ गृह एवं धार्मिक सामग्री उपलब्ध है मंदिर में अवैध रूप से वसूली भी की जाती है इसका हिसाब किताब भी नहीं है इच्छापूर्ति के लिए मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा बांधे गए नारियल भी पुजारी द्वारा विक्रय कर दिए गए मामला प्रशासन के संज्ञान में आने के बाद कैस दर्ज किया गया उल्लेखनीय की माननीय न्यायालय के आदेश पर कलेक्टर सतना द्वारा खैरुआ सरकार धाम में एसडीएम नागौद को रिसीवर (नियंत्रक ) का भार फरवरी 2024 में सौंपा, रिसीवर नियुक्ति के आठ महीने बाद दान पेटी का ताला खोला गया, दान पेटी से लगभग चार लाख 15 हजार रुपये मिले बिना वजन तौल के लगभग 55 नग चांदी के आभूषण चढावे में प्राप्त होकर बैंक में जमा बताये गये, दान पेटी में चढावे के लिए बने छिद्र कपड़े से ढक कर खैरुआ सरकार मंदिर के गर्भगृह में रखी एक थाली में श्रद्धालुओं से अलग से दान, चढावे में धन पुजारी द्वारा डलवाया जाता है, जिस धन राशि को पुजारी द्वारा अपने झोले में रखकर घर ले जाया जाता है, दो माह पूर्व थाली सिस्टम बंद कराया गया है।

सवाल यह है कि दस महीने में लगभग रुपये चार लाख तो बीस महीने में कितनी राशि, कितने आभूषण, और फर्जी रसीदों से वसूला गया धन तथा खैरुआ सरकार के नाम पर प्रतिदिन गाँव, गाँव, नगर, तथा मोबाइल फोन पर निजी खाते में डलवाई जा रही वह राशि बेहिसाब है।

**पुजारी परिवार का कब्जा-** मंदिर में सफाई एवं सुरक्षा के नाम पर किसी प्रकार के कर्मचारी तैनात नहीं है जबकि मंदिर में प्रति महीने लाखों रुपए की आमदनी होती है दूर दराज से बहुततायत संख्या में यहा पहुंचते हैं चढ़ावा खूब आता है पुजारी परिवार का एक तरफ यहां कब्जा है.

### पकड़ में आया नारियल घोटाला

मंदिर के पुजारी प्रशांत एवं मोहित दोनों ने प्रशासन के बिना अनुमति के इच्छापूर्ति के लिए श्रद्धालुओं द्वारा प्रांगण में बांधे गए नारियलों को विक्रय कर दिया। मंदिर बंद होने के बाद रात्रि में खरीददार ने नारियलों को बोरो में भर कर वाहन क्रमांक यूपी 93 डीटी 759 में ले जाया जा रहा था तभी ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया । इस संबंध में अकौना साठिया निवासी ब्रजराज सिंह परिहार ने पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई गई पुलिस ने पुजारी के खिलाफ धारा 316(4) के तहत मामला कायम कर लिया है नारियल बेचने का ऑडियो भी पुजारी एवं खरीदार का सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है.



### विधानसभा में उठा मामला

म. प्र. विधानसभा में भी पुजारी के अनैतिक कृत्यों की गूँज ध्यानाकर्षण के माध्यम से हुई है, सतना कलेक्टर ने भी संज्ञान में लेकर पुजारी को हटाये जाने के लिए अनुविभागीय अधिकारी नागौद को पत्र लिखा है, परंतु एक माह बाद भी निर्णय नहीं हुआ, खैरुआ सरकार के पुजारी परिवार का प्रभाव जनमानस में चर्चा का विषय है।

### परमीशन बिना 20 दुकानों का निर्माण

रिसीवर के बिना परमीशन लगभग बीस दूकानें खैरुआ सरकार परिसर में पुजारी के परिजनों द्वारा बना कर दुकानदारों से अमानत राशि वसूली, कर दुकाने आवंटित कर दी गई प्रतिमाह दुकानदारों से किराए की वसूली भी की जाती है मंदिर परिसर में फुटपाथ पर बैठकर प्रसाद पूजन सामग्री एवं अन्य वस्तुएं बेचने वालों से भी प्रतिदिन के हिसाब से प्रति दुकानदार से 50 की वसूली की जाती है ।

### भंडारा के नाम पर वसूली

मंदिर प्रांगण में भंडारा करने के लिए पुजारी से संबंधित को अनुमति लेनी पड़ती है इसके बदले में 21सौ रुपए पुजारी के पास जमा करना होता है इसके बदले जो रसीद दी जाती है वह प्रशासन द्वारा प्रमाणित नहीं है इसका हिसाब किताब भी नहीं होता गलत तरीके से वसूली निरन्तर जारी है।

# कलेक्टर से खुद को जेल भेजने की मांग!

## मझगवां की बदहाल व्यवस्था पर कांग्रेस नेता आशुतोष द्विवेदी ने लिखा पत्र

**नवभारत न्यूज**

**मझगवां 14 जुलाई, चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के मझगवां नगर में 6-7 महीने से अधूरी पड़ी सड़क, पेयजल संकट और अन्य अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस नेता एवं किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव आशुतोष द्विवेदी ने जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए है.**



प्रशासन की उदासीनता से आहत होकर उन्होंने सतना जिला कलेक्टर सतीश कुमार एस को पत्र लिखकर कहा कि पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़कर मुझे जेल भेजने की कृपा करें।

आशुतोष द्विवेदी ने पत्र में मझगवां की दुर्दशा का जिक्र करते हुए लिखा कि नगर की सड़क 6-7 माह से बन रही है लेकिन अब तक नहीं बन पाई। बस स्टैंड में बने सुलभ कॉम्प्लेक्स में ताला लगा है, सब्जी मंडी में कीचड़ का अंबार है, थोड़ी बारिश में घुटनों तक पानी भर जाता है और पीने के पानी का हाहाकार है। उन्होंने लिखा कि अगर एक अनुविभागीय अधिकारी की बात छोटे कर्मचारी नहीं सुनते तो नगर और क्षेत्र की क्या दुर्दशा हो सकती है। यदि हमारे जेल जाने से व्यवस्था सुधर सकती है तो हम खुशी से जेल जाना स्वीकार करते हैं। श्री द्विवेदी ने अनुविभागीय अधिकारी महिपाल सिंह गुर्जर पर भी लापरवाही का आरोप लगाया और कहा कि समस्त विभागों के अधिकारी फरियादियों से वसूली से फुर्सत नहीं पा रहे हैं।

**स्थानीय लोगों में आक्रोश-** मझगवां तहसील मुख्यालय होने के साथ-साथ जनपद और रेलवे स्टेशन भी है, लेकिन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लोग पलायन करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों में भी सड़क और पानी की समस्या को लेकर भारी नाराजगी है।

### कांग्रेस का आरोप

पत्र में उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में जनता परेशान है। सक्षम अधिकारी-कर्मचारी जिम्मेदारी से पीछे हट रहे हैं। जनहित की आवाज उठाने पर फर्जी मामले लगाकर जेल भेजने की धमकी दी जाती है।

# चित्रकूट में आषाढ़ी अमावस्या के अवसर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 14 जुलाई, आषाढ़ी अमावस्या के अवसर सोमवार देर रात से ही लाखों लोग धर्मनगरी चित्रकूट पहुंचने लगे थे। प्रशासन ने इस बार लगभग चार लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया था लेकिन मौके पर भीड़ इससे कहीं अधिक दिखाई दी। स्थानीय लोगों के अनुसार श्रद्धालुओं की संख्या 8 से 10 लाख तक पहुंच सकती है।**



सोमवार देर रात बांदा मार्ग से राम सैया होते हुए श्रद्धालुओं का आगमन जारी रहा। रात करीब एक बजे तक सड़कों पर लंबी कतारें देखी गईं। कई परिवारों ने राम सैया स्थित चबूतरों पर रात बिताई। यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए रैन बसेरे में ताला लगा होने से प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल उठे। श्रद्धालुओं को बांदा.राम सैया मार्ग पर सर्वाधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। इस मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होने के कारण लोगों को अंधेरे में ही पैदल चलना पड़ा। महिलाओं बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से कठिनाई हुई। कई श्रद्धालुओं ने बताया कि रास्ते में पीने के पानी की भी उचित व्यवस्था नहीं थी जिससे उन्हें उमस भरी गर्मी में परेशानी झेलनी पड़ी। प्रशासन ने अमावस्या मेले के लिए व्यापक तैयारियों का दावा किया था। हालांकि जमीनी हकीकत अलग दिखी जहां श्रद्धालुओं के लिए विश्राम पेयजल और प्रकाश जैसी बुनियादी सुविधाएं कई स्थानों पर अनुपलब्ध थीं। इस स्थिति में व्यवस्थाओं के केवल कागजों तक सीमित रहने के आरोप भी लगे।

आषाढ़ी अमावस्या के मुख्य स्नान और कामदगिरि परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है। प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। हालांकि बढ़ती भीड़ के बीच मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर सवाल लगातार उठ रहे हैं। बेहतर पेयजल प्रकाश और विश्राम व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं की यात्रा को अधिक सुगम बना सकती थीं। इधर मध्य प्रदेश चित्रकूट अमावस्या मेला प्रथम द्वार पर मुस्तैद रहे प्रभारी तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट डॉ सुदामा प्रसाद चित्रकूट में अमावस्या मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मेला व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रहा। प्रभारी तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट मझगवां डॉ सुदामा प्रसाद प्रथम द्वार पर स्वयं मौजूद रहकर व्यवस्थाओं का लगातार निरीक्षण करते रहे।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस रही सतर्क

उन्होंने पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर श्रद्धालुओं के आवागमन, सुरक्षा तथा भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रखी। प्रशासन का उद्देश्य श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाते हुए शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से मेले का संचालन सुनिश्चित करना रहा। प्रथम द्वार पर प्रशासनिक अधिकारियों की लगातार मौजूदगी से मेला क्षेत्र में व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिली और श्रद्धालुओं का आवागमन सुचारु रूप से चलता रहा.

# उचेहरा में कल निकलने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा की आवश्यक तैयारी हुई पूरी

**नवभारत न्यूज**

**उचेहरा 14 जुलाई, नगर के प्राचीन नरसिंह अखाड़े से इस वर्ष भी बड़े उल्लास के साथ भगवान जगन्नाथ स्वामी जी की रथ यात्रा 16 को शाम 4 बजे से प्रारम्भ होकर रथ यात्रा का विश्राम इस वर्ष श्री संकट मोचन मंदिर में होगा और पुन: रथयात्रा 18 को शाम 5 बजे से गाजे बाजे के साथ नरसिंह मन्दिर पहुंचेगी तदुपरांत 19 को दोपहर 1 बजे से शायम 7 बजे तक नरसिंह अखाड़े में प्रसाद वितरण ( भंडारा )होगा.**



आयोजन समिति ने समस्त नगरवासियों से प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है । यह रथ यात्रा अखाड़े के महंत श्री श्री 1008 श्री धर्मदास जी महाराज के सानिध्य में निकाली जा रही है वही अखा? के उत्तराधीकारी सिद्ध गणेश दास जी इस रथ यात्रा में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। हासिल जानकारी अनुसार रथ यात्रा कारीमाटी रामदेवालय गढ़ी मैदान से मुख्य मार्ग होते विश्राम स्थल श्री संकटमोचन मंदिर पहुंचेंगी, 18 को श्री संकट मोचन मंदिर परिसर से रथ यात्रा शायम 5 बजे पुन: शुरु हो पुराना मैहर रोड़, परसमनिया मार्ग होते बड़ा अखाडा ( नरसिंह अखाड़ा) में,आरती पूजन अर्चन पश्चात रथ यात्रा का समापन हो जाएगा। नगर में 16 को निकलने वाली रथ यात्रा को लेकर नगर वासियो सहित भक्तो में काफी उत्साह देखा जा रहा है । भगवान के रथ को जहां विशेष सजावट की जा रही है वही अखा? को भी रंगीन लाइटों से सजावट की जा रही है ,श्री संकट मोचन मन्दिर परिषर को भी आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है ज्ञात हो कि रथ यात्रा को देखने दूर दराज के भक्त गण भी आते हैं।

### यात्रा प्रारंभ से विश्राम तक का आयोजन

16 जुलाई सुबह 8 बजे श्रृंगार एवं निमंत्रण यात्रा श्री संकट मोचन मंदिर से नरसिंह अखाड़ा तक सुबह 10 श्री जगन्नाथ स्वामी जी का 11 पवित्र नदियों के जल से स्नान एवं श्रृंगार 11 बजे श्री जगन्नाथ स्वामी की आरती एवं विश्राम,दोपहर 3 बजे अखा? से नगर के लिए रथ यात्रा प्रारंभ रात्रि 8:30 बजे श्री संकट मोचन मंदिर आगमन 9 बजे जगन्नाथ स्वामीजी की भव्य आरती श्री संकट मोचन मंदिर में एवं विश्राम दूसरे दिन 17 जुलाई सुबह 8 बजे श्री जगन्नाथ स्वामी का स्नान एवं श्रृंगार सुबह 9 बजे,श्री जगन्नाथ स्वामी जी की मंगला आरती एवं बाल भोग अर्पण दोपहर 12 बजे श्री जगन्नाथ स्वामी जी का स्नान दोपहर 12 बजे से ही श्री जगन्नाथ स्वामी जी के महा प्रसाद कढ़ी भात का वितरण शाम 6 बजे महिला मंडल द्वारा रामायण एवं कीर्तन भजन रात्रि 8 बजे श्री जगन्नाथ स्वामी जी की भव्य महा आरती एवं 56 भोग अर्पण रात्रि 9 बजे से भजन संध्या कार्यक्रम 18 जुलाई सुबह 8 बजे भगवान का स्नान एवं महा श्रृंगार सुबह 9 मंगला आरती दोपहर 12 बजे विश्राम उपरांत शाम 4 बजे से पुन: श्री संकट मोचन मंदिर से नरसिंह अखाड़े के लिए रथ यात्रा प्रस्थान उक्त आयोजन श्री संकट मोचन समिति उचेहरा द्वारा किया गया है ।

# एसआई बने रंजीत , सामाजिक बन्धुओं ने किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**उचेहरा 14 जुलाई, नगर के होनहार रंजीत गुप्ता हाल ही में एस आई परीक्षा पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण करने पर खरे केसरवानी वैश्य समाज समिति द्वारा सादे किंतु गरिमामय समारोह में श्री फल और शाल भेंट कर सम्मान किया गया ।**



रंजीत गुप्ता पिता कमलेश गुप्ता एक मध्यम परिवार के है उन्होंने इंदौर में रह कर विषम परिस्थितियों में भी अपने सपनों को साकार करने के लिए संघर्ष करते रहे उन्होंने यह सफलता स्वयं के प्रयास से हासिल की है इसके पहले भी कई बार एम पी पी एस सी एग्जाम दे चुके हैं उनका लक्ष्य कुछ और है। हाल ही में 7 जुलाई 26 को सब इंस्पेक्टर परीक्षा 2025 के खुले परिणाम में एस आई की रेंक में परीक्षा उत्तीर्ण की है, अपने सम्मान से अभिभूत हो सभी का आभार व्यक्त करते अपनी सफलता पर अपने मातापिता ,गुरुजनों ,शुभचिंतको का भी आभार ब्यक्त किया कार्यक्रम में मुख्य रुप से अध्यक्ष राम जी गुप्ता, उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता, कोषाध्यक्ष आकाश गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता,सचिव सूर्य प्रकाश गुप्ता, सह सचिव चेतन गुप्ता ,महा मंत्री पुष्पेंद्र गुप्ता , सह महा मंत्री सचिन गुप्ता कमलेश गुप्ता , संदीप गुप्ता, सुशील , लवकेश (मंगू ), रामलाल , अमरदीप , विजय , गोलू , प्रदीप, लालजी , चंगू , शिवम सहित महिला मंडल से अध्यक्ष श्री मती सुषमा गुप्ता लक्ष्मी गुप्ता अहिल्या गुप्ता आकांक्षा गुप्ता प्रियंका गुप्ता चन्द्रावती गुप्ता ,संध्या गुप्ता ,पिंकी गुप्ता, मीरा गुप्ता खुशी गुप्ता सहित अन्य सामाजिक बन्धु उपस्थित रहे ।

### पहले प्रयास में मिली सफलता

एस आई के पहले प्रयास में सफलता प्राप्त किया है चर्चा में रंजीत गुप्ता ने बताया कि यह उनका अंतिम मुकाम नही अभी और मेहनत करना है और अपने सपनो को साकार करना है उन्होंने ब? बेवाकी से कहा कि एम पी पी एस के लिए फिर से तैयारी करना है ।

# कृषि विभाग में भर्रेशाही, किसान भटक रहे बीज के लिए

## विभागीय कर्मचारी लापता

**नवभारत न्यूज**

**अमरपाटन 14 जुलाई, वैसे तों मोहन सरकार किसनों की आय बढ़ाने के लिये तमाम कोशिशें वा योजनाओं के साथ साथ कृषि वर्ष घोषित कर रखा .**




अमरपाटन कृषि विभाग का हाल देख लिया जाय तो यहां किसान विभाग के ढेहरी पर सुबह से शाम हों जाती विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों का अता पता नहीं रहता। प्रभार के भार में प्रभारियों की गिनती नहीं लेकिन किसानों को योजनाओं वा बीज के लिये क्षेत्रीय अधिकारी अक्सर लापता रहते हैं हालत यह है कि किसान यहां वहां भटकता रहे बीज वा अन्य सुविधाये जहां जिसको पहुचानी है पहुंच जाती है।

# पीएम आवास आवंटन में गड़बड़ी : अपात्रों को लाभ, पात्र रह गए वंचित

**नवभारत न्यूज**

**कोटर 14 जुलाई, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में आवंटन के दौरान हुई अनियमितता को लेकर सतना जिले की अकौना ग्राम पंचायत का मामला एक बार फिर गरमा गया है।**




जिला पंचायत सीईओ से की गई शिकायत के बाद जांच की जिम्मेदारी जनपद पंचायत रामपुर बघेलान के सीईओ को सौंपी गई थी जांच रिपोर्ट में सामने आया कि योजना के नियमों को ताक पर रखकर अपात्र लोगों को लाभ दे दिया गया, जबकि कई पात्र परिवार आज भी कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। जनपद पंचायत रामपुर बघेलान के सीईओ की 26 दिसंबर 2025 की जांच रिपोर्ट के अनुसार पंचायत के 133 हितग्राहियों की जांच की गई। इसमें 5 हितग्राही अपात्र पाए गए।

**कैसे हुआ खेल-** रिपोर्ट के मुताबिक वेंकटेश प्रताप सिंह और धर्मराज तिवारी के पास 2.5 एकड़ से अधिक सिंचित जमीन है। वहीं चन्द्रशेखर सिंह, नागेन्द्र सिंह और विवेक सिंह के पास पहले से पक्का मकान है। पीएम आवास की 13 बिंदुओं वाली गाइडलाइन के अनुसार ये लोग पात्र नहीं थे, इसके बाद भी इन्हें लाभ दिया गया।

जांच में तत्कालीन सचिव विजय सिंह और पीसीओ पुरुषोत्तम पाठक को स्थल सत्यापन त्रुटिपूर्ण करने और तथ्य छिपाकर लाभ दिलाने का दोषी माना गया। सहायक सचिव आरती सिंह पर पोर्टल में गलत फोटो अपलोड करने का आरोप है। तीनों को पत्र कमांक 2132, 2160 और 2144 के जरिए कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब मांगा गया था, लेकिन अब तक किसी ने जवाब प्रस्तुत नहीं किया।

### सरपंच और ग्रामीण नाराज

सरपंच श्रद्धा अनुराग सिंह का कहना है कि आवंटन में धांधली के कारण असली हकदार योजना से वंचित रह गए जबकि रसूखदारों को योजना का लाभ दे दिया गया। दोषियों पर अब तक प्रभावी कार्रवाई न होने से गांव में रोष है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले में शीघ्र कार्रवाई कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कदम उठाने तथा पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

# युवा व्यापारी युवक मंडल कोठी का हुआ शपथ ग्रहण

- समारोह चेंबर पदाधिकारी और अन्य गणमान्य जनों का हुआ सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**कोठी 14 जुलाई, युवा व्यापारी युवक मंडल कोठी की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं विशेष सम्मान समारोह का आयोजन कोठी के अग्रवाल वाटिका में रविवार को संपन्न हुआ।**



समारोह में नवनिर्वाचित युवा व्यापारी युवक मंडल कोठी के अध्यक्ष सतीश गुप्ता, महामंत्री पीयूष अग्रवाल अंकित, कोषाध्यक्ष अमित चंद्र गुप्ता सिंटू, उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र गुप्ता मनु , सह सचिव आशीष लखेरा , सह कोषाध्यक्ष उत्कर्ष अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य में भूपेंद्र बारगाही, शिवम अग्रवाल अरुण सोनी, शिवा सोनी, अमन गुप्ता को मुख्य अतिथि ने शपथ दिलाया। स्वागत समारोह में विंध्य चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश सुखेजा , महामंत्री मनोज कटारे , वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी , कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल ,मंत्री मनोज अरोड़ा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक जैन , सह मंत्री हिमांशु अरोरा एवं सभी VCCI कार्यकारिणी सदस्यों का विशेष सम्मान हुआ साथ ही बिरसिंहपुर व्यापारी संघ अध्यक्ष कमलेश केशरवानी , थाना प्रभारी कोठी संतोष तिवारी , जैतवारा व्यापारी कल्याण समिति के अध्यक्ष अनुज अग्रवाल , कोठी व्यापारी संघ अध्यक्ष राम जी गुप्ता का भी सम्मान किया गया साथ ही उपस्थित गणमान्य नागरिकों में दीन सहायक संस्था के अध्यक्ष दयाशंकर मिश्रौलिया, व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष सहेंद्र सिंह, उमेश सिंह प्रमोद अग्रवाल का भी सम्मान युवा व्यापारी युवक मंडल द्वारा किया गया इसके साथ साथ मीडिया के प्रतिनिधियों बृजेश गर्ग सोनू, अनमोल मिश्रा, विकास पांडे सहित और अन्य साथियों का सम्मान शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। इसके उपरांत उपस्थित अतिथियों ने अपने-अपने उद्बोधन दिए और व्यापारियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई साथ ही उनके निदान के लिए भी कार्य योजना बनाए जाने पर विशेष रूप से जोर दिया गया ।

# नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 विशेष जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 14 जुलाई, पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार दिनांक 15 जुलाई 2026 से 30 जुलाई 2026 तक संपूर्ण मध्यप्रदेश में नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 विशेष जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाना है।**

मैहर जिले में यह अभियान पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में विभिन्न विभागों के समन्वय से व्यापक स्तर पर संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन, विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त समाज के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। अभियान का शुभारंभ आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में रवींद्र भवन, भोपाल में किया गया। यह अभियान आगामी 15 दिनों तक चलेगा, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, नगरीय निकाय तथा अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से जिलेभर में व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसके अंतर्गत स्कूल, कॉलेज एवं अन्य शिक्षण संस्थानों, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों, झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों, सार्वजनिक स्थलों, हॉटस्पॉट क्षेत्रों तथा परिवहन वाहनों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक किया जाएगा।

अभियान के तहत मानव श्रृंखला, जागरूकता रैली, चित्रकला, निबंध, पेंटिंग, स्लोगन, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही शॉर्ट फिल्म, जन-जागरूकता संदेश, डिजिटल एवं सोशल मीडिया, बसों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया जाएगा।